# रचनात्मक लेखन पर कार्यशाला तीन जून से

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**नई दिल्ली।**

साहित्य अकादमी बच्चों के लिए हिंदी और अंग्रेजी में रचनात्मक लेखन पर एक कार्यशाला तीन से सात जून तक रवीन्द्र भवन में आयोजित करेगा। किस्सा-ओ-कलम: बोलती कलम शीर्षक से आयोजित इस कार्यशाला का विषय अभिलाषा, स्वप्न, आविष्कार : कल्पना और सृजनात्मक लेखन है। इसमें 9 से 16 वर्ष की आयु के बच्चे भाग ले सकते हैं।